# कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

श्री राजेन्द्र कुमार मीना, निवासी चन्द्र बास, पोस्ट कोलाना तहसील बसवा जिला दौसा राजस्थान – 303313

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा

अपील संख्या 147/2025

## निर्णय

दिनांक 12.12.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/ सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2025/2981 दिनांक 14.11.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बांदीकुई ने पत्र क्रमांकः आरटीआई/2025/892 दिनांक 09.12.2025 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट को वांछित सूचना कार्यालय पत्र क्रमांक:891 दिनांक 9.12.2025 के द्वारा रजिस्टर्ड डाक से उपलब्ध करा दी गई है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.12.17 12:11:51 IST
Reason: SelfAttested